# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
## आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ में आकांक्षा हाट का किया उद्घाटन : प्रदेश की पहली इलेक्ट्रिक बस को भी दिखाई हरी झंडी।
2. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ के दो दिवसीय दौरे पर : प्रदेश के पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित परिचर्चा में शामिल हुए।
3. प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार तेज : भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज खैर, करहल और सीसामऊ में की जनसभाएं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में की प्रेसवार्ता।

और

4. अयोध्या में आज से चौदह कोसी परिक्रमा शुरू : जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर किये विशेष प्रबंध।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में  आकांक्षा हाट का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षा हाट राज्य में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों को अपनी रचनात्मकता और उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करता है। इस दौरान उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने प्रदेश की पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस बस में महिला यात्रियों को टिकट में विशेष छूट प्रदान की जायेगी। इस मौके पर श्री योगी ने कहा कि डबल डेकर ईवी बस से यातायात की समस्या को दूर करने में मदद मिलेगी साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। बाइट...

*उत्तर प्रदेश देश की आबादी के रूप से बड़ा है। 25 करोड़ की आबादी यहां निवास करती हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा बेहतरीन यह पहचान कराती है समाज की, लोगों की धारणा, उसके रूप बढ़ती है हमारे रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, पब्लिक ट्रांसपोर्टस ऐसा उसके अनुरूप लोग धारणा बनाते हैं और आज इलेक्ट्रिक बस का शुभारंभ यहां पर आकांक्षा स्मृति के तत्वाधान में हिंदुजा ग्रुप ने हमें प्रदान किया है और जो सुविधा यहां पर शुरू हो रही है। हिंदुजा ग्रुप बहुत शीघ्र अपना प्रोडक्शन यहां पर प्रारंभ करेगा।*

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी मौजूद रहे।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में गोमती रिवर फ्रंट पार्क में आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से पाठ्यक्रम के साथ–साथ रचनात्मक और ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढ़ने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के युवा ज्यादातर समय स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और टेलीविजन पर बिता रहे हैं, अगर इस समय का उपयोग किसी सार्थक कार्य में किया जाये तो यह समाज और युवाओं दोनों के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि कालजयी रचनाओं के लिए लेखकों को प्रोत्साहित करना चाहिए। बाइट...

*नेशनल बुक ट्रस्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिल करके एक अच्छी पहल की है। इस पहल को हमें घर–घर तक पहुंचाना है और चिंतन की परंपरा को हमें विकसित करना होगा। कुछ कालजयी रचनाएं देनी पड़ेंगी, आवश्यक नहीं कि किसी एक विषय को लेकर अलग–अलग विषयों को लेकर अन्य तमाम ऐसे सेक्टर है हरेक सेक्टर में कुछ न कुछ एक नयी शुरूआत हो सकती है और उस नयी शुरूआत के लिए लोगों के अंदर रूचि पैदा करनी है, आप की आवश्यकता क्या है, पुस्तक मेले उसके उदाहरण बनने चाहिए।*

यह पुस्तक मेला भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के नेशनल बुक ट्रस्ट और लखनऊ विकास प्राधिकरण के संयुक्त पयास से आयोजित किया जा रहा है, जो नौ से 17 नवम्बर तक चलेगा।

————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ के दो दिवसीय दौरे पर हैं। रक्षामंत्री प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वर्गीय आशुतोष टंडन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आज लखनऊ के इंदिरा

गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित परिचर्चा में शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी सहित गणमान्य लोग भी उपस्थित हैं।

————————

प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिए राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेता पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अलीगढ़ में खैर, मैनपुरी के करहल और कानपुर नगर के सीसामऊ विधानसभा क्षेत्रों चुनावी जनसभाएं कीं। उन्होंने कांग्रेस, सपा और बसपा पर आरक्षण के मुद्दे पर निशाना साधते हुए कहा कि ये पार्टियां वोट बैंक की राजनीति करतो हैं और जनता की भावना के साथ–साथ राष्ट्रीय एकता और अखंडता के साथ भी खिलवाड़ कर रही हैं। उधर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि भाजपा को गलत नीतियों के कारण गरीबों, व्यापारियों, किसानों, युवाओं और नौकरी–पेशा लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उधर इटावा में चुनावी रैली में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा केवल झूठे वादे करती है।

————————

# ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

---

लखनऊ में आज से तीन दिवसीय बुद्धिस्ट कॉनक्लेव को शुरूआत हुई। आज पहले दिन पालि साहित्य सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक शामिल हुए।

---

अयोध्या में प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा मेले का प्रथम चरण चौदह कोसी परिक्रमा कड़े सुरक्षा के बीच आज सुबह शुरू हो गया, जो कल शाम तक चलेगा। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद इस पहले कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। 14 कोसी परिक्रमा को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था का प्रबंध जोन आर सेक्टर में बांटकर किया है। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से...

*गोपाष्टमी और अक्षय नवमी की संधि बेला होते ही लाखों श्रद्धालुओं ने अयोध्या की धूल माथे लगा चौदह कोसी परिक्रमा उठाई और देखते ही*

*देखते बावन किलोमीटर लम्बा परिक्रमा मार्ग श्रद्धालुओं से भर गया। सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग पर धार्मिक जयघोष, महिलाओं के परम्परागत गीत और संत–महंत–साधुओं के भजन–कीर्तन लगातार गुंजायमान हो रहे हैं। नंगे पाँव श्रद्धालुओं के बीच संतों की टोलियां परिक्रमार्थियों को ऊर्जा प्रदान कर रहीं हैं, तो धार्मिक आस्था की डगर में महिलाओं, बच्चों के साथ–साथ वयोवृद्ध भी शामिल हैं। स्वयंसेवी संगठनों ने जगह–जगह शिविर लगाये हैं और प्रशासन क्लोस सर्किट टीवी के माध्यम से सम्पूर्ण मेला क्षेत्र पर नजर रखे हुए है। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

———————

**प्रदेश भर में आज गोपाष्टमी धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ के चौक क्षेत्र में अवध गौशाला में गौ माता का पूजन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गायों के संरक्षण के लिए गौशालाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। गोरखपुर में विभिन्न स्थानों पर गोमाता की पूजा–अर्चना कर 56 भोग खिलाया गया। हापुड़ की तीर्थनगरी गढ़मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेला आज गोपाष्टमी से शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान और पूजा–अर्चना के साथ गो–पूजन किया।**

———————

**प्रदेश के फिरोजाबाद और लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में हुए अलग–अलग सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गये। फिरोजाबाद क नसीरपुर क्षेत्र के अंतर्गत आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर कल देर रात एक बस सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई।**

हादसे में लखनऊ के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गये, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस वे पर देर रात कार और ट्रेलर की टक्कर हो गई। जिससे कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी ने बताया कि मृतक फर्रूखाबाद के ग्राम जैतपुर के निवासी थे।

————————

प्रयागराज में जनवरी 2025 में शुरू होने जा रहे महाकुंभ में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचेंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि विदेशी पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए विशेष टेंट सिटी बनाई जा रही है, जहां संगम किनारे रुककर विदेशी पर्यटक भारत की संस्कृति और आध्यात्मिकता का अनुभव कर पाएंगे। बाइट..

*विदेशों के पर्यटकों के लिए टेंट सिटी विकसित की जा रही है। इसमें 2500 टेंट्स बनाये जा रहे हैं, जिसमें आराम से 2 या 3 व्यक्ति प्रति टेंट रह सकते हैं। होम स्टे की भी सुविधा वहाँ पर विकसित की जा रही है। 2000 होम स्टे पूरे प्रयागराज सिटी में ताकि लोग परिवार जन के साथ भी रुक सके। भारतीय संस्कृति को महसूस कर सके उनका खानपान, उनका रहना, खासतौर पर जब लोग बाहर जाते हैं विदेशी लोग तो वो वहाँ की संस्कृति वहाँ के खानपान से भी जुड़ना पसंद करते हैं।*